CROWNE PLAZA
TODAY GURUGRAM

दिनांक 27 सितंबर विश्व पर्यटन दिवस के उपलक्ष में राजकीय महाविद्यालय सेक्टर- 9 के पर्यटन विभाग के विद्यार्थियो को एक औद्योगिक दौरा के लिए पांच सितारा होटल क्राउन प्लाजा जो की गुरुग्राम के सेक्टर 29 मैं स्थित है ले जाया गया। विद्यार्थियो ने होटल के विभिन्न विभागों का दौरा किया। तथा वहां पर होने वाली गतिविधियों को जाना।

इस औद्योगिक दौरा के लिए होटल क्राउन प्लाजा के मानव संसाधन विभाग के प्रशिक्षण प्रबंधक श्री सूरज जी का बहुत अधिक योगदान है।बिना उनके प्रयासों से इस औद्योगिक दौरा को आयोजित करना एक बड़ा ही जटिल कार्य था। विद्यार्थियो ने उनके कुशल मार्गदर्शन मैं होटल के विभिन्न विभागों का दौरा किया , उनकी कार्य प्रणाली के बारे मैं जाना तथा विभिन्न विभागों का आपसी संबध भी जाना। इस दौरे के दौरान विद्यार्थियो ने विभिन्न प्रकार के स्वादिष्ट व्यंजनों का आनंद लिया। साथ ही विधार्थियो ने कैटरिंग के विभिन्न तरीकों को जाना तथा डाइनिंग एत्तिकेट के बारे मैं भी जाना। इसके अलावा प्रशिक्षण प्रबंधक ने होटल छेत्र मैं उपलब्ध रोजगार के अपार संभावनाओं से भी विधार्थियो को अवगत कराया।

और अंत मैं उन्होंने विश्व पर्यटन दिवस पर सभी को शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियो को अवगत कराया कि इस वर्ष की थीम पर्यटन एवं हरित निवेश है तथा मेजबान देश सऊदी अरब है। सभी विधार्थियों ने इस औद्योगिक दौरा का बहुत आनंद लिया एवं पर्यटन एवं अतिथय सत्कार छेत्र मैं उपलब आजीविका के अनन्य साधनों को विस्तार से जाना। इस अवसर पर विभाग के प्राध्यापक डॉ अंजना डा. परदीप कुमार , श्री रवि कुमार एवं श्री बृजेश कुमार विधार्थियो के साथ उपस्थित रहे। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ मधु अरोड़ा जी ने विधार्थियों को विश्व पर्यटन दिवस पर बधाइयां दी तथा इस प्रकार के अयोजन को भविष्य मैं अयोजित करने के लिए सभी को प्रेरित किया।